E-NEWS LETTER
MAY - 2017

# M.C.H.

Municipal Council Hanuamngarh




Minimum Government, Maximum Governance
Municipal Council Hanumangarh

# कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ (राजस्थान)




वार्ड संख्या 34, भटनेर दुर्ग मार्ग, हनुमानगढ़ टाउन –335513

ई–मेल :– **mch.hanumangarh@gmail.com,**

दूरभाष :– 01552–222930, 223930


## कार्यालय नगरपरिषद हनुमानगढ़ – राजस्थान

वर्ष 1917 में नगरपालिका हनुमानगढ़ का गठन हुआ। उस वक्त यह शहर एक छोटा कस्बानुमा था, लगातार जनसंख्या वृद्धि, विकास व वर्ष 1994 में जिला बनने पर इस शहर का ओर द्रुतगति से विकास हुआ। वर्ष 2008 में इसे नगरपरिषद का दर्जा प्राप्त हुआ। वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार शहर की जनसंख्या 1.51 लाख है। यह नगरीय क्षेत्र घग्घर नदी के दोनो ओर बसा हुआ है।

## नगरपरिषद हनुमानगढ़ के मुख्य कार्य :–

1 शहरवासियों को सफाई व रोशनी उपलब्ध करवाना।
2 जनसामान्य व अल्प आय वर्ग के व्यक्तियों की आवास समस्या के समाधान के लिए भूखण्डों का विक्रय आवंटन व नीलामी से करना।
3 सामाजिक व अन्य धर्मार्थ संस्थाओं को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटन करना।
4 बी.पी.एल. परिवार व गरीब व्यक्तियों की भलाई व उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन कर लाभान्वित करना।
5 योजनाबद्ध तरीके से शहर के विकास में सक्रिय भागीदारी करना।
6 गन्दे पानी निकासी के लिए नाला व नालियों का निर्माण कर पानी निकासी सुनिश्चित करना एवं सीवरेज लाईन डालना।
7 वित्तीय संसाधनो को ध्यान मे रखते हुए जनपयोगी विकास सम्बंधी कार्य करवाना।

1 स्वच्छ भारत मिशन :– नगरपरिषद हनुमानगढ़ क्षेत्र की स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम की सूचना निम्न प्रकार है :–

1.1 व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों (IHHL) निर्माण व फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड करना :–

| ONLINE FORM (2+6+7)=1 | TOTAL VERIFACTION | TOTAL SANCTION | FIRST INSTALLMENT | TOTAL Application Aproved | TOTAL Application reject | TOTAL Application closed | TOTAL Second Installment Received Photo | TOTAL Second Installment Sanction | TOTAL Second Installment Released Photo | Application constructed Toilet photo | Application commenced Toilet photo |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11714 | 8053 | 7880 | 7880 | 7880 | 223 | 3453 | 3645 | 2094 | 2094 | 1500 | 1670 |

नोट :– नगरपरिषद के कुल 45 वार्डो मे से 10 वार्ड क्रमशः 05, 06, 07, 13, 18, 20, 21, 31, 32, 39 को ओ.डी.एफ. घोषित किया जा चुका है।

**1.2. (A) COMMUNITY TOILETS-**

| TAEGET FOR THE MISSION PERIOD | SITE SELECTION COMPLETED | SITE SELECTION NAME | NIT RELEASED | WORK STARTED | WORK COMPLETED | WORK COMPLETED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1.वार्ड संख्या 42 पुलिस लाईन के पीछे<br>2.वार्ड संख्या 44 सामुदायिक केन्द्र<br>3. स्टेशन के सामने हनुमानगढ़ टाउन<br>4. मुखर्जी कॉलोनी हनुमानगढ़ टाउन | 4 | 3 | 3 | 1.वार्ड संख्या 42 पुलिस लाईन के पीछे<br>2. वार्ड संख्या 44 सामुदायिक केन्द्र<br>3. स्टेशन के सामने हनुमानगढ़ टाउन |

**1.2(B) PUBLIC TOILETS-**

| TAEGET FOR THE MISSION PERIOD | SITE SELECTION COMPLETED | SITE SELECTION NAME | NIT RELEASED | WORK STARTED | WORK COMPLETED | WORK COMPLETED AREA | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1.पुराना नगरपरिषद् हनुमानगढ़ टाउन<br>2.सुभाष चौक हनुमानगढ़ टाउन<br>3.टिब्बी रोड़ हनुमानगढ़ टाउन | 5 | 3 | 2 | 1.सुभाष चौक हनुमानगढ़ टाउन<br>2.टिब्बी रोड़ हनुमानगढ़ टाउन | पब्लिक टोयलेट्स के निर्माण के पश्चात संचालन व संधारण हेतु पीपीपी मोडल पर करवाने हेतु नगर परिषद् द्वारा प्रयास किए जाऐंगे। |

**नोटः—** नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिये 7 अन्य स्थलों का चयन किया गया है। शीध्र ही इनका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जावेगा।

2 एन.यू.एल.एम. योजना :— राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रगति रिपोर्ट सलंग्न है।

3 प्रधानमंत्री आवास योजना / मुख्यमंत्री आवास योजना :— :— प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 35000 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है जिनमें से 5 प्रतिशत् का सत्यापन किया जा चुका है तथा **मुख्यमंत्री जन आवास योजना** के अन्तर्गत निजी खातेदार मीतू सहारण / बुधराम उर्फ लच्छीराम के नाम से चक नं. 02 के.एन.जे. पत्थर नं. 110/261 किला नं. 18, 23 प्रत्येक 0.253 हेक्टेयर कुल 0.506 हेक्टेयर तथा नाजीर हुसैन / सादुलेखा के नाम से चक नं. 50 एन.जी.सी. पत्थर नं. 129/252 किला नं. 17, 18 प्रत्येक 0.253 हेक्टेयर कुल 0.506 हेक्टेयर भूमि पर कार्यवाही विचाराधीन चल रही है।

| भौतिक प्रगति | | | | वित्तिय प्रगति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मद | पूर्व में | आज | योग | पूर्व में | आज | योग |
| कृषि भूमि पट्टा | 69 | 2 | 71 | 2684667 | 162905 | 2847572 |
| कच्ची बस्ती पट्टा | 0 | 1 | 1 | 0 | 5610 | 5610 |
| आईएचएसडीपी पट्टा | 17 | 0 | 17 | 0 | 0 | 0 |
| निर्माण स्वीकृति | 11 | 2 | 13 | 31462 | 4926 | 36388 |
| उप–विभाजन / पुनर्गठन | 6 | 1 | 7 | 25164 | 4879 | 30043 |
| लीज मुक्ति | 22 | 3 | 25 | 124554 | 26088 | 150642 |
| नामान्तरण | 22 | 6 | 28 | 135219 | 65369 | 200588 |
| जन्म – मृत्यृ | 96 | 17 | 113 | 385 | 24 | 409 |
| सीवरेज | 57 | 10 | 67 | 29070 | 5100 | 34170 |
| खांचा भूमि | 1 | 1 | 2 | 39600 | 81154 | 120754 |
| **योग** | **301** | **43** | **344** | **3070121** | **356055** | **3426176** |

5 मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन योजना (शहरी) की प्रगति :–

| क्र. स. | स्वीकृत कुल कार्य | निकाय को आवटित कार्य | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत कार्य | कितने कार्यो के टेंडर लगाए गए | पूर्ण कार्यो की संख्या |
| 1 | 26 | 25 | 25<br>(अनु. लागत रूपयें 84.88 लाख) | 17 |

नोट :– कुल 26 कार्यो में से 01 कार्य निरस्त किया जा चुका है, शेष 25 कार्यों के कार्यादेश जारी कर दिये गये हैं जिन में से 17 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

6 अन्नपूर्णा रसोई योजना :– राज्य सरकार द्वारा अन्नपूर्णा रसोई योजना चलायी जा रही है किन्तु उक्त योजना को नगरपरिषद नगरीय क्षेत्र हनुमानगढ़ में प्रारम्भ नही किया गया है।

7 कर सग्रहण :– नगरपरिषद नगरीय क्षेत्र हनुमानगढ़ में गृहकर एवं नगरीय विकास कर की वसूली की कार्यवाही की जा रही है विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

| क्र.स. | कर | डिमाण्ड | वसूली |
|---|---|---|---|
| 1 | नगरीय विकास कर | 257444180 | 4306418 |
| 2 | गृहकर | 20157548 | 4860000 |

11 वाईफाई हॉटस्पॉट/स्मार्टराज प्रोजेक्ट/सम्पर्क/सुगम पोर्टल पर दर्ज विचाराधीन प्रकरण :–

11.1 ULB Bulk User Customer & Hot-Spot Service (Wi-Fi) Access Point Tourist/Public Place Information :-

| क्र0 सं0 | निकाय का नाम | आवंटित एक्सेस पॉइन्ट की संख्या (श्रेणीवार) | एक्सेस पॉइन्ट चयन स्थल का नाम व पता | संबंधित अधिकारी का नाम व मो. नं. | संबंधित निकाय के कर्मचारी का नाम व मो नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगरपरिषद हनुमानगढ़ | 5 | 1 पुरानी नगरपरिषद हनु. टाउन।<br>2 धान मण्डी, हनु. टाउन।<br>3 एनएमपीजी कॉलेज हनु. टाउन।<br>4 भगत सिंह चौक, हनु. जंक्शन।<br>5 हाउसिंग बोर्ड, हनु. जंक्शन। | श्री आलोक चौधरी, आयुक्त, नगरपरिषद हनुमानगढ़ | श्री जगदीश सिराव, कनिष्ठ लिपिक (कार्यवाहक स्वच्छता निरीक्षक) |

11.2 **स्मार्ट राज प्रोजेक्ट :–** स्मार्ट राज प्रोजेक्ट के तहत एफ.डी.एस. लिमिटेड द्वारा प्रोपर्टी सर्वे पूर्ण किया जा चुका है, जिसके अन्तर्गत कुल 39280 फार्म प्राप्त हुए है जिसमें से 5 प्रतिशत् वेरिफिकेशन परिषद स्तर पर किया जा चुका है।

**11.3 सम्पर्क पोर्टल एवं सुगम पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा :–**

| क्र.सं. | दिनांक 01.01.2014 से 26.05.2017 तक प्राप्त कुल प्रकरण | दिनांक 26.05.2017 तक निस्तारित प्रकरण | बकाया प्रकरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 1362 | 1213 | 149 |

**–: भौतिक सत्यापन :–**

| क्र.सं. | कुल प्रकरण | भौतिक सत्यापन | बकाया प्रकरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 4654 | 3082 | 1572 |

12. **नगरपालिका स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन यूनिट (पी.आई.यू.) स्थापित किये जाने कार्यवाही बाबत :–** नगरपरिषद नगरीय क्षेत्र हनुमानगढ़ में प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन यूनिट (पी.आई.यू.) की स्थापित नही की गयी है।

13 **नवीन फायर स्टेशन स्थापित करने हेतु टेण्डर की कार्यवाही की प्रगति :–** नगरपरिषद नगरीय क्षेत्र हनुमानगढ़ में फायर स्टेशन स्थापित है।

14 **अन्य सभी योजनाओं की प्रगति :–** अन्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

**14.1 SOLID WASTE MANAGEMENT-**

**A.** **<u>DPR for solid waste</u>** नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा Grand thorton pvt. Ltd. New Delhi के माध्यम से इनटिग्रटिड सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट की डीपीआर तैयार करने हेतु फर्म से लगातार सम्पर्क किया गया है। फर्म द्वारा पूर्व में इन्सैप्शन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी जिसे नगरपरिषद् द्वारा स्वीकार किया जा चुका है। दिनांक 12.04.2016 को फर्म में प्रतिनिधि से मोबाईल पर वार्ता करनें पर अवगत करवाया गया कि इन्सैप्शना रिपोर्ट को प्रस्तुत करने का देय भुगतान फर्म को प्राप्त हो चुका है। फर्म की एक टीम दिनांक 19.04.2016 को हनुमानगढ़ आई थी व सर्वे भी कर चुकी है। परन्तु अभी तक फर्म द्वारा डीपीआर पस्तुत नही की गई है। फर्म को कार्यालय पत्रांक 543 दिनांक 04.01.2017, 550 दिनांक 16.01.2017 व पत्रांक 582

दिनांक 30.01.2017 द्वारा नोटिस भी जारी किया जा चुका है। चूंकि सलाहकार फर्म द्वारा डी. पी.आर. बनानें में अत्यधिक विलम्ब हो रहा है। अतः राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरपरषिद् हनुमानगढ़ द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन के सम्बंध में निम्न कार्य प्रारम्भ किए जा चुके है।

**B. PROCESSING DISPOSABLE OF SOLID WASTE-**

हनुमानगढ़ शहर में कचरा प्रोसेसिंग हेतु **M/S Allied energy system Pvt. Ltd.** को रोयल्टी 153.00 रूपये **Per. MT** की दर राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किए जाने पर दिनांक 21.09.2016 को कार्यादेश जारी किया जा चुका है। फर्म के द्वारा कॉन्ट्रेक्ट एग्रीमेन्ट व भूमि हस्तांतरण सम्बंधी लीज एग्रीमेन्ट सम्पादित किया जा चुका है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल से **Consent to Establish** हेतु आवेदन किया जा चुका है, स्वीकृति प्राप्त होने पर फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। प्रसंस्करण प्लान्ट हेतु आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा रूपये 10.00 करोड़ **VGF** उपलब्ध करवाये जायेगें। फर्म के अनुसार इस प्लान्ट की अनुमति लागत लगभग 13.50 करोड़ है।

**C. DOOR TO DOOR COLLECTION AND TRANSPORATION**

नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा नगरीय क्षेत्र के कुल 45 वार्डों में से 40 वार्डों में घर–घर से रिक्शा के माध्य से गीला एवं सुखा कचरा संग्रहण कार्य किया जा रहा है। शेष 5 वार्डो काफी बडे क्षेत्र में फैले हुए है व आबादी भी छितराई हुई है। जिसके कारण रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण में सफलता नही मिल पा रही है। नगरपरिषद् द्वारा इन वार्डों में विभिन्न स्थानों पर कचरा पात्र रखे गये हैं। घर–घर जाकर कचरा संग्रहण में आम नागरिकों की भागीदारी बढाने व कर्मचारियों के डयूटी के प्रति समर्पित होने के लिये USER Charges प्रत्येक घर से 50 /– रूपये प्रति माह चार्ज वसूल करने का परिषद् स्तर पर निर्णय लिया गया है। वार्ड नं0 37 की गोल्डन सिटी में प्रत्येक घर से 50/– रूपये प्रतिमाह USER Charges के रूप में वसूल करनें की सहमति वहां के नागरिकों से ली गई व घर–घर जाकर रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। नगरपरिषद् द्वारा एक जैटींग मशीन क्रय कर वार्डों में ब्लोकेज सिवरों को खुलवानें का कार्य शुरू कर दिया गया है।

1. नगरपरिषद् द्वारा 02 रोड़ स्वीपर खरीदने की कार्यवाही जैरकार है।
2. नगरपरिषद् द्वारा 02 टैक्टर लॉडर खरीदनें की कार्यवाही जैरकार है।

**14.2 IEC AND CAPACITY BUILDING**

दिनांक 08.01.17 को श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, हनुमानगढ़ द्वारा प्रदान किये गये निर्देशानुसार स्कूल के बच्चों से घरों से पॉलिथिन मंगवाये जानें हेतु प्रेरित कर एवम् पुरानें कपडों के थैले बनाये जाने हेतु मंगवाये जा रहे है जिन्हें कपडों के थैले बनाये जाने के लिये श्रीदेवी पॉलिटेक्निक कॉलेज को दिये जा रहे है। उक्त कॉलेज की छात्राओं द्वारा थैले बनाये जाकर शहरी क्षेत्र में रेडियों पर वितरण किये जायेंगें। कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं कचरा ढुलाई में प्रयुक्त वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाए जाऐंगे। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व शहर को साफ–सुथरा रखने के लिये प्रत्येक माह सफाई अभियान चलाकर शहर की सफाई करवाई जाती है। व परिषद् द्वारा टीम गठित कर अवैध होल्डिंगस व पॉलिथीन जब्त करनें की कार्यवाही की गई व लोगों को जागरूक करनें करनें के लिय स्लोग्न व बालपेंटिग का कार्य भी नियमित रूप से करवाया जा रहा है।

**14.3 Sewerage Status** :–

हनुमानगढ़ शहर में यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. योजना के अन्तर्गत सीवरेज हेतु रू. 4279.00 लाख का कार्य व आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत रू. 795.00 लाख कुल रू.5074.00 लाख का कार्य स्वीकृत हुआ था, जिसमें कार्यकारी एजेंसी आर.यू.आई.डी.पी. थी। आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा उपरोक्त के अंतर्गत रू. 50.00 करोड़ के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं।

हनुमानगढ़ जंक्शन क्षेत्र में 105 किलोमीटर सीवर लाईन डाली गयी है तथा एक एसटीपी व दो पम्प स्टेशन का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। ट्रायल रन व कमिशनिंग का कार्य किया जा रहा है तथा सीवरेज लाईन कनेक्शन जोड़ने हेतु समय–समय पर अभियान चलाकर 2950 सीवर कनैक्शन जारी किये गये हैं। आरयूआईडीपी द्वारा पूरे नेटवर्क सिस्टम को सही प्रकार से चालू कर सीवरेज परियोजना नगर परिषद् हनुमानगढ़ को हस्तांतरित किया जाएगा। नगर परिषद् द्वारा सीवरेज सिस्टम के संचालन व संधारण हेतु वार्षिक दर संविदा करने हेतु ऑनलाईन निविदाऐं प्राप्त की जा चुकी हैं।

इसके अतिरिक्त नगरपरिषद द्वारा नई जेटिंग मशीन (क्षमता 4000 लीटर) खरीद ली गयी है तथा शहर में कार्यरत है।

हनुमानगढ़ टाउन क्षेत्र में 50 किलोमीटर पाईप लाईन का कार्य किया जा चुका है लेकिन 06 स्थानों पर मिलान हेतु 2.5 किलोमीटर का कार्य शेष था जिस में से 750 मी सीवर लाईन डाली जा चुकी है व शेष कार्य प्रगति पर है। दो पम्प स्टेशनों का कार्य भी पूर्ण हो चुका है।

हनुमानगढ़ टाउन क्षेत्र में एक 5 एम.एल.डी. क्षमता के एसटीपी का निर्माण नगरपरिषद द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार किया जा रहा है जिस हेतु दिनांक 12.10.2015 को रूपये 952.11 लाख राशि का कार्यादेश जारी किया गया था व लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के भुगतान हेतु अमृत के तहत अब तक रू. 4.48 करोड़ राशि प्राप्त हो चुकी है।

हनुमानगढ़ शहर के शेष रहे क्षेत्र में सीवरेज बिछाने हेतु आर.यू.आई.डी.पी. फेज–3 (ए.डी.बी. फण्ड) के अन्तर्गत कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है। फेज–3 के तहत आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा रू. 100.00 करोड़ के संशोधित प्रस्ताव बनाए गए हैं जिनकी निविदाऐं आरयूआईडीपी द्वारा प्राप्त कर ली गयी है व मूल्यांकन प्रगति पर है।

**14.4 AMRUT** :– नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा वर्ष 2015–2016 हेतु 55.00 करोड के प्रस्ताव Service level Improvement Plan (SLIP) प्रस्तुत किये गये थे। वर्ष 2015–16 में कोई राशी प्राप्त नहीं हुई। वर्ष 2016–17 हेतु अमृत योजना के तहत हनुमानगढ़ शहर में रू. 90.00 करोड़ के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। जिसका नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति (डी.एल.आर.एम.सी.) की बैठक दिनांक 13.03.2016 में योजना के अन्तर्गत रू. 90 करोड़ राशि को अनुमोदन किया जाकर व Service level Improvement Plan (SLIP) बनाकर राज्य सरकार को 21.03.2016 को प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके अन्तर्गत जलापूर्ति के कार्य RUIDP PHASE -III में सम्मिलित होने के कारण इस मद में कोई राशि नहीं रखी गई है। सेप्टेज व सीवरेज हेतु रू. 10.00 करोड़, अरबन ट्रांसपोर्ट हेतु रू. 40.00 करोड़, वर्षाजल निकासी हेतु रू. 30.00 करोड़ तथा. पार्कों के विकास हेतु रू. 10.00 करोड़ राशि प्रस्तावित की गयी थी। यह प्रस्ताव SAAP में अनुमोदित किया जा चुका है। उपरोक्त कार्यों की प्रगति निम्नानुसार है :–

| Item | Information |
|---|---|
| 1 Preparation of DPRs of Sewerage facilities and Septage management | 10 Crore proposed in SLIP in year 2016-17 for remaining work of RUIDP Phase-II as about 43% area of the Hanumangarh city is already covered by Sewerage laid by RUIDP in its phase II. Remaining 57% area is to be covered by RUIDP in its already sanctioned IIIrd phase. RUIDP has invited Bids which are due in last week of February 2017. Out of Rs. 10 Cr., a DPR of Rs. 6.98 Cr. for 5 MLD STP at Hanumangarh Town has already been approved in last meeting of SLTC held on 25.04.2016. Against this project an amount of Rs. 448.00 lakh has been received and 90% work is complete. |
| 2 Preparation of DPRs of Storm water drains to reduce flooding | The DPR for Storm water Drains will be prepared in accordance to Drainage Master Plan, Work order placed for preparing the drainage master plan to Consultant M/S A-One Infra-Consultants. Pvt. Ltd., Jaipur on dated 08.02.2016 and the consultant has already submitted inception report and interim report and draft Drainage Master Plan. Final Report of Drainage Master Plan along with DPR for approvel will be submitted in next Meeting of SLTC. |
| 3. Preparation of DPRs of pedestrian, non-motorized and public transport facilities, parking spaces | To prepare DPRs for pedestrian, non-motorized and public transport facilities, parking spaces, there is need of integrated City Mobility Plan. As per direction DPR will be prepared at state level. The consultant is already appointed for Hanumangarh city. |
| 4. Preparation of DPRs of enhancing amenity value of cities by creating and upgrading green spaces, parks and recreation centers, especially for children | A Project regarding "Enhancing amentity value of cities by creating and upgrading green spaces, parks and recreaton centers, especially for children" The technical sanction for a "District Park" has already been issued in 6th meeting of SLTC held on 25.10.16 for Rs. 2.50 Cr. The bids have already been invited and open on 16.05.2017 and under evaluation. |

14.5 LED Lites :– ऊर्जा बचत परियोजना के तहत राज्य की समस्त निकायों मे परंपरागत स्ट्रीट लाईटों की जगह एल.ई.डी. लाईट लगाई जानी है। जिसमें 50 प्रतिशत् एनर्जी सेविंग होगी। इस उद्देश्य हेतु एल.ई.डी. लाईट लगाने के लिए 10 अप्रेल 2015 को जयपुर में ई.ई.एस.एल. के साथ एम.ओ.यू. हुआ। जिसमें परिषद की पुरानी लाईटों के स्थान पर एल.ई.डी. लाईट लगाने का कार्य ई.ई.एस.एल. द्वारा किया जाना था।

हनुमानगढ़ शहर में पूर्व में 10198 परंपरागत स्ट्रीट लाईटे लगी हुई थी। जिसमें ई.ई.एस.एल. के ठेकेदार कम्पनी ईओन द्वारा 31.05.2016 को एल.ई.डी. लाइट लगाने का कार्य प्रारम्भ किया गया। कम्पनी द्वारा माह मई 2017 तक हनुमानगढ़ जंक्शन के वार्ड संख्या 01 से 14 व 37 से 39 में हनुमानगढ़ टाउन के वार्ड संख्या 15 से 21 व 23 में कुल 6000 लाईटे लगाई गई है। इसके पश्चात ईईएसएल द्वारा एलईडी लाईट्स की सप्लाई नही हुई है।

**14.6 ROB :-** नगरपरिषद नगरीय क्षेत्र हनुमानगढ़ में चुना फाटक, हनुमानगढ़ जंक्शन में एक ऑवर ब्रिज स्वीकृत किया हुआ है जिसकी कार्यकारी एजेन्सी RSRDC है। कोस्ट शेयरिंग आधार पर राज्य सरकार व रेलवे द्वारा 50–50 प्रतिशत् राशि को वहन किया जाना है, आर.ओ.बी. की अनुमानित लागत रूपयें 60.00 करोड़ है। रेलवे को सहमति देने व आवश्यक बजट प्रावधान करने हेतु जिला कलक्टर हनुमानगढ़ एवं राज्य सरकार द्वारा जारी अनापति प्रमाण पत्र दिनांक 17.05.2017 से रूडसिको द्वारा रेलवे को भिजवाया जा चुका है।

**14.7 RUB :-** नगरीय क्षेत्र हनुमानगढ़ में माननीय मंत्री सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा की गई बजट घोषणा वर्ष 2017–18 में शामिल सा.नि.विभाग खण्ड हनुमानगढ़ के अधीन घोषित ढिल्लो कालोनी में तीन, गांधी नगर में एक, रेलवे फाटक टाउन के पास एक एवम् लोहिया कालोनी में एक आर.यू.बी. बनाने हेतु अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत हनुमानगढ़ द्वारा पत्र क्रमांक 8606–07 दिनांक 17.04.2017 से मुख्य अभियन्ता एवं अति. सचिव, सा.नि.वि. जयपुर को प्रस्ताव प्रस्तुत किये जा चुके हैं।

**14.8 Disaster Management Plan :-** नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा City Disaster Management Plan बनाकर District Information Officer, NIC को व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जा चुका हैं।